सार-समाचार

साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

रेवदर, (निसं)। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन आत्मा सभागार में किया गया। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर चौधरी ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से सपंर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की मॉनिटरिंग करें उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों के स्तर पर लंबित प्रकरणों की भी नियमित समीक्षा करें साथ ही उन्होंने जिले से सम्बन्धित मुख्यालय स्तर पर लंबित प्रकरणों के लिए भी उच्चाधिकारियों से नियमित संवाद कर निस्तारण करवाने की बात कही। जिला कलेक्टर चौधरी ने इस दौरान आगामी 5 जून से 20 जून तक आयोजित होने वाले जल संरक्षण अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की उन्होंने विभागवार आवंटित गतिविधियों के सम्बन्ध में सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप कार्य मों का सफल एवं भव्य आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल ने 05 जून से 20 जून तक आयोजित होने वाली गतिविधियों की विभागीय कैलेंडरवार जानकारी दी। जिला कलेक्टर चौधरी ने आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें योग दिवस के कार्य म की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित विभाग इसकी तैयारी समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। आयुर्वेद विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर आधारित होगा उन्होंने सम्बन्धित विभागों से इस कार्यक्रम में अधिकतम जन सहभागिता करवाने की बात कही।

वीकली स्पेशल ट्रेन बुधवार को

जोधपुर, (कासं)। ग्रीष्मावकाश में यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा प्रारंभ की गई भगत की कोठी-दानापुर समर होली डे वीकली स्पेशल बुधवार को भगत की कोठी से रवाना होगी। जोधपुर मंडल के डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान नियमित ट्रेनों में यात्रियों के अतिरिक्त यातायात को देखते हुए भगत की कोठी से दानापुर रेलवे स्टेशनों के बीच चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन सातवें ट्रिप के लिए 4 जून को प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन 04813,भगत की कोठी-दानापुर समर होली डे वीकली स्पेशल बुधवार को सायं 5.20 बजे प्रस्थान कर जयपुर के रास्ते गरुवार सायं 5.15 बजे दानापुर पहुंच जाएगी। जबकि वापसी में ट्रेन 04814,दानापुर से गुरुवार सायं 6.45 बजे प्रस्थान कर शनिवार रात्रि 1 बजे भगत की कोठी पहुंच जाएगी। ट्रेन भगत की कोठी से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार तथा दानापुर से 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को उपरोक्त समयानुसार संचालित की जाएगी। ट्रेन में यात्री सुविधा हेतु 16 स्लीपर,4 जनरल और 2 गार्ड एसएलआर सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

जोजरी के प्रदूषण की रोकथाम पर चर्चा

जोधपुर, (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कक्ष में जोजरी नदी में संभावित प्रदूषण की रोकथाम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जोधपुर के जिला कलक्टर गौरव अठावाल, बालोतरा के जिला कलक्टर सुशील कुमार, जोधपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त उत्साह चौधरी, नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण के आयुक्त सिद्धार्थ पालानीचामी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, जोधपुर की क्षेत्रीय अधिकारी एवं परवर्णीय अभियंता श्रीमती कामिनी सोनगरा , जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अरुण कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डॉ. प्रतिभा सिंह ने आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जोजरी नदी में संभावित प्रदूषण से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के अंत में डॉ. प्रतिभा सिंह ने सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जोजरी नदी को प्रदूषण मुक्त बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

शांति नगर में जलभराव, टूटी सड़कें

रेवदर, (निसं)। रेवदर की शांति नगर कॉलोनी में बिगड़ती मूलभूत सुविधाओं पर कॉलोनीवासी सोमवार को उपखंड अधिकारा कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि कॉलोनी में बारिश के दौरान हाईवे का पानी तेज बहाव के साथ कॉलोनी में घुस जाता है, जिससे भारी जलभराव की स्थिति बन जाती है। कच्ची सडकों के कारण आवागमन दूभर हो गया है और जल निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। हाईवे किनारे की दुकानों का गंदा पानी भी कॉलोनी में छोडा जा रहा है, जिससे घरों की नींव तक प्रभावित हो रही है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र में जल्द से जल्द पक्की सडकें बनाई जाएं, हाईवे के किनारे नाला बनाया जाए और कॉलोनी के भीतर जल निकासी की समुचित व्यवस्था करते हुए इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। ज्ञापन देने वालों में हरीश लोहार, बलवंत मेघवाल, रतन लोहार, गणपत अग्रवाल, कैलाश पंचाल, पोपटलाल छिपा, कृतिकुमार ओझा, किशोर भाई, सहित अनेक कॉलोनीवासी उपस्थित थे। सभी ने उम्मीद जताई कि प्रशासन जल्द कार्रवाई करेगा ताकि उन्हें समस्या में राहत मिल सके।

आयुष नर्सेज महासंघ ने मांग पत्र दिया

जोधपुर, (कासं)। प्रदेश के आयुष नर्सेज की मांगों को लेकर सोमवार को अखिल राजस्थान राज्य आयुष नर्सेज महासंघ का शिष्टमंडल प्रदेश अध्यक्ष छीतर मल सैनी के नेतृत्व में आयुष सचिव भवानी सिंह देथा से मुलाकात कर संघ का 11 सूत्रीय मांगपत्र सौपा। जिस पर आयुष सचिव ने मांगपत्र का उपशासन सचिव स्तर पर परीक्षण करवाकर जल्द ही निराकरण करवाने का भरोसा दिलाया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने मांगों का ब्यौरा देते हुए कहा कि आयुष नर्सेज को मेडिकल के समान वेतन व भत्ते देने, कैडर रिव्यू कर नर्सेज के कैडर का पुनर्गठन करने,नर्सेज का पदनाम परिवर्तन हेतु नियमों में संशोधन करने ,नर्सेज का ड्रेस कोड चेन्ज करने, 740 नर्सेज भर्ती में अंतिम वरीयता सूची जल्द जारी करने,राष्ट्रीय आयुष मिशन में 540 नर्सेज भर्ती का विज्ञापन जारी करने आदि मांगों को सरकार के समक्ष रखा गया है। इस अवसर पर महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्र मांडिया, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

पाली में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

पाली, (नि.सं.)। पाली में एक 23 साल के युवक ने घर में फंदा लगा लिया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद बॉडी परिजनों को सौंपी। पुलिस के अनुसार पाली शहर के नया गांव निवासी 23 साल के करण पुत्र वागाराम ने रविवार देर शाम को घर में फंदा लगा दिया। इसकी जानकारी होने पर परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बॉडी पुलिस ने रात को हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाई। सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। युवक की अकाल मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

ऑनलाइन प्रवेश कार्यक्रम जारी

जालोर, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,जालोर में स्नातक के लिए ऑनलाइन प्रवेश कार्यक्रम जारी किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य मनीष अखावत ने बताया कि आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा षैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक (सेमेस्टर प्रथम) के लिए ऑनलाईन प्रवेश कार्यक्रम जारी किया गया। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रारम्भ होने की तिथि 4 जून, आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 16 जून, महाविद्यालय द्वारा आवेदन पत्रों के ऑनलाईन सत्यापन की अंतिम तिथि 19 जून ,अंतिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 20 जून,अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन एवं ई-मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 24 जून, प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन 26 जून प्रवेशित विद्यार्थियों का वर्ग निर्धारण एवं विषय आवंटन तिथि 27 जून, महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर शिक्षण कार्य प्रारम्भ तिथि 1 जुलाई होगी। आवेदन कॉलेज शिशक्षा की वेबसाईट पर जाकर अपना ऑनलाईन आवेदन भर सकते है।

मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश

सिरोही, (निसं)। पंचायत उपचुनाव मई जून 2025 के अन्तर्गत जिले में जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 18 के रिक्त पद पर निर्वाचन के लिए 8 जून को मतदान होने से सामान्य प्रशासन (गु प 2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुशरण में जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी ने निर्वाचन क्षेत्र में स्थित समस्त सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में मतदान दिवस 8 जून (रविवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने बताया कि पूनः मतदान की स्थिति जहां पूनः मतदान होगा उन निर्वाचन क्षेत्रों में पूनः मतदान तिथि को भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

'योग दिवस समारोह में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें'

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को डीओआईटी परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारी के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक संपन्न हुई।

जिला कलैक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को योग दिवस के कार्यक्रम में पूर्ण जन सहभागिता के साथ आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिला, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आमजन को योग विषय की जानकारी दी जाएगी एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया जाएगा। जिला स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में 21 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस बार सुन्धा माता मंदिर, सिरे मंदिर, नेहरू पार्क सहित जिले के प्रमुख स्थलों पर भी योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 5 जून को गंगा दशमी एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक ग्राम एवं शहर में समस्त विभागों द्वारा जल स्रोतों, नदियों, जलधारा एवं तालाब पर पूजन कलश यात्रा, जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

जालोर के डी.ओ.आई.टी. सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक वी.सी. से जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने ली। फोटो-राष्ट्रदूत

वीसी के दौरान जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी मानसून से पूर्व राज्य में वर्षा जल के अधिक से अधिक संग्रहण तथा विद्यमान जल स्त्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए जिले में 5 जून से 20 जून, 2025 तक वन्दे गंगा-जल संग्रहण एवं जल संरक्षण अभियान-2025 का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान जल स्रोतों, नदियों, जलधाराओं एवं तालाबों पर जल पूजन, कलश यात्रा, जागरुकता कार्यक्रम व स्वच्छता अभियान, जल संग्रहण संरचनाओं का लोकार्पण और नई संरचनाओं के शिलान्यास जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप हर गांव और हर व्यक्ति को अभियान से जोड़ते हुए इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाते हुए पूर्ण मनोयोग के साथ सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान', 'जल शक्ति अभियान-जन सहभागिता जन भागीदारी', 'हरियालो राजस्थान', 'कर्म भूमि से मातृ भूमि' आदि अभियानों को और अधिक जनकेन्द्रित बनाएगा। उन्होंने भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, कार्मिकों और आमजन को जोड़ते हुए अभियान को जन आंदोलन बनाने की बात कही।

अतिरिक्त जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. दिनेश जोशी आदि वी.सी. से जुड़े रहे।

राकेश नगर परिषद् फैडरेशन शाखा के अध्यक्ष बने

जालोर नगर परिषद् में नगर परिषद् फैडरेशन शाखा के मनोनीत सदस्यों का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के नगर परिषद में सोमवार को नगरपालिका कर्मचारी संघ, राजस्थान नगरपरिषद कर्मचारी फैडरेशन शाखा जालोर की एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक दिलीप माथुर, अधिशाषी अभियन्ता (अतिरिक्त कार्यभार, आयुक्त, नगर परिषद, जालोर) एवं अशोक कुमार शर्मा, लेखाधिकारी, नगर परिषद, जालोर की संरक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन के प्रांतीय संरक्षक रिछपाल सिंह चौधरी की उपस्थिति रही।

सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। अध्यक्ष पद पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी राकेश कुमार, उपाध्यक्ष के लिए वरिष्ठ सहायक हीरालाल, मंहामंत्री के लिए कनिष्ठ अभियंता अविनाश कुमार को मनोनीत किया गया। सर्वसम्मति से कार्यकारी समिति का भी गठन भी किया गया।

जालोर नगर परिषद फैडरेशन शाखा अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि यह गठन संगठन की मजबूती, कर्मचारियों के हितों की रक्षा तथा पारस्परिक सहयोग को और सशक्त बनाएगा। सभी सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी एवं संगठन के प्रति अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

बकाया व मांगों के लिए मुंडन करवाया

जोधपुर, (कासं)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पेंशनधारकों का धरना आज सोमवार को भी जारी रहा। वह बकाया पेंशन की मांग को लेकर यहां करीब दो सप्ताह से धरने पर बैठे है। इधर अब तक उनकी मांगों को लेकर सुनवाई नहीं होने पर आज पेंशनर्स ने विरोध स्वरूप अपने सिर का मुंडन करवाना शुरू कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले दिन आज कुछ पेंशनर्स ने अपना मुंडन करवाने के बाद कहा कि विवि प्रशासन उनकी मांगों को लेकर सुनवाई नहीं कर रहा है।

जेएनवीयू के सेवानिवृत्त पेंशनर्स को लंबे समय से पेंशन का भुगतान नहीं हो रहा है, जिसके विरोध में सोमवार को 16वें दिन भी धरना जारी रहा।

पाली में जैन समाज ने रैली निकाली, रोष जताया

जैन आचार्य पुंडरीक रत्न सुरिश्वर की सड़क हादसे में मृत्यु मामले को लेकर पाली में जैन समाज के लोग कलैक्ट्रेट पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। पाली में सोमवार को श्री संघ सभा पाली के तत्वावधान में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिला कलैक्टर एलएन मंत्री को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें जैन आचार्य पुंडरीक रत्न सुरिश्वर की जान बूझकर मिनी ट्रक चालक द्वारा हत्या करने की बात कहकर मामले में पुख्ता जांचकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की बात कही।

इस दौरान श्री संघ सभा पाली के अध्यक्ष रमेशचंद मरलेचा, सचिव उत्तमचंद मुथा, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सांसद पुष्प जैन, अनिल भंडारी, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, कांठोस के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कोठारी सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल रहे।

गौरतलब है कि 28 मई की सुबह जैन आचार्य पुंडरीक रत्न सुरिश्वर (70) जैन संतों के साथ विहार करके पाली की तरफ आ रहे थे। इस दौरान जाडन गांव के निकट हाईवे पर मिनी ट्रक चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। जिनकी मौत हो गई। घटना को लेकर जैन संत मुनि महविवेह विजय ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि वे सभी विहार करते हुए आ रहे थे। इस दौरान जाडन की तरफ से आ रहे एक मिनी ट्रक चालक ने जानबूझकर हाईवे से मिनी ट्रक को नीचे उतारा जिसकी चपेट में आचार्य पुंडरिक रत्न सुरीश्वर आ गए। हादसे के बाद मिनी ट्रक ड्राइवर भाग गया। घायल मुनि को उपचार के लिए बांगड़ हॉस्पिटल लाए। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट में ड्राइवर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी।

स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

जालोर, (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस एवं जिला स्पेशल की संयुक्त टीमों ने सोमवार को अवैध मादक पदार्थ स्मैक 6 ग्राम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

जालोर कोतवाली थानाधिकारी अरविन्द कुमार के नेतृत्व में गङ्गित टीम एवं जिला स्पेशल टीम की संयुक्त टीमों द्वारा 1जून को थाना हल्का क्षेत्र के बिशनगढ रोड पर रामदेव होटल के पास में अभियुक्त अहमदखान पुत्र जेतेखान जाति मुसलमान उम्र 30 साल निवासी कोलर पुलिस थाना जालोर के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 06 ग्राम बरामद कर एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन मोटरसाईकिल को जब्त कर अभियुक्त अहमदखान को गिरफतार किया गया एवं अभियुक्त अहमदखान के विरूद्व प्रकरण पंजिबद्ध किया जाकर अग्रीम अनुसंधान मोहनलाल गर्ग नि.पु. थानाधिकारी पुलिस थाना बागरा के हवाले किया गया एवं अभियुक्त से अनुसंधान जारी है।

कार चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के रानीवाडा पुलिस ने सोमवार को स्विपट कार चोरी के दर्ज प्रकरण में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया। चोरी की हुई स्विपट कार को बरामद किया।

रानीवाडा थानाधिकारी दीपसिह चौहान के नेतृत्व में गोपीकिशन व सुभाष को गिरफतार किया।

असगर अली पुत्र गुलाम मुर्तजा जाति मुस्लमान उम्र 40 साल पैशा व्यापार निवासी बडगाव पुलिस थाना रानीवाडा ने रिपोर्ट पेश की कि मेरी मारूती स्वीफ्ट डिजायर वी.डी.आई उसके दोस्त ताहिर अली ने 9 मई को करीबन रात्रि 10.30 बजे अपने घर होली चौक बडगांव के सामने खडी की। सुबह देखने पर गाडी खड़ी नही मिली, कोई गाडी को चोरी करके ले गया है, वगैरा रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटनास्थल से बीटीएस प्राप्त कर संदिग्ध मोबाईल नम्बरो की सीडीआर के आधार पर आसूचना संकलन कर घटना कारित करने वाले अभियुक्त गोपीकिशन उर्फ गोपाराम व सुभाष उर्फ कालु को नामजद किया गया। उक्त आरोपी पुलिस थाना बालोतरा में चोरी के प्रकरण में गिरफतार होकर जेसी होने पर आरोपी गोपीकिशन उर्फ गोपाराम पुत्र बाबुलाल जाति दर्जी उम्र 38 साल निवासी भुरा की ढाणी कारोला पुलिस थाना सांचौर जिला जालोर को 30 मई 2025 व अभियुक्त सुभाष उर्फ कालु पुत्र लीलुराम जाति मिराशी उम्र 35 साल निवासी जोरावरपुरा पुलिस थाना हनुमानगढ टाउन जिला हनुमानगढ हाल धर्मकाटां कॉलोनी सांचौर को 31 मई को जरीये प्रोडेक्शन वारंट पर प्राप्त कर गिरफतार कर न्यायालय में पेश कर पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से प्रकरण में चोरी की गई स्विपट कार को बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि गोपीकिशन उर्फ गोपाराम पुत्र बाबुलाल जाति दर्जी उम्र 38 साल निवासी भुरा की ढाणी कारोला पुलिस थाना सांचौर जिला जालोर- उक्त आरोपी के विरूद्व विभिन्न पुलिस थानो में मारपीट, हत्या का प्रयास व हत्या के कुल 13 प्रकरण दर्ज है।

वही सुभाष उर्फ कालु पुत्र लीलुराम जाति मिराशी उम्र 35 साल निवासी जोरावरपुरा पुलिस थाना हनुमानगढ़ टाउन जिला हनुमानगढ हाल धर्मकाटां कॉलोनी सांचौर- उक्त मुलजिम के विरूद्ध वाहन चोरी के कुल 16 प्रकरण दर्ज है।

आहोर में चौदह किलो सात सौ तीस ग्राम गांजा सहित आरोपी पकड़ा

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के आहोर पुलिस ने सोमवार का अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में एक आरोपी को गिरफतार कर उसके कब्जे से कुल 14 किलो 730 ग्राम गांजा को बरामद किया।

जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत संदिग्ध स्थानों एवं वाहनों की संघन तलाशी ली जाकर कार्यवाही करने के क्रम में जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाहीयां की जा रही है। इसी क्रम में जालोर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा एवं करणसिंह नि.पु. थानाधिकारी पुलिस थाना आहोर के नेतृत्व में मय जाब्ता के मुखबीर ईतलानुसार केशव नगर आहोर पहुंचे तो एक मकान में एक व्यक्ति खडा मिला जिसको नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मुकेश कुमार पुत्र आसुराम जाति रावल ब्राम्हण उम्र 45 साल निवासी हनुमान कॉलोनी आहोर होना बताया अभियुक्त मुकेशकुमार के कब्जे के मकान में बने रूम की तलाशी ली गई तो एक सफेद कलर का प्लास्टिक कटटे के अन्दर हरे कलर की गांजे की सुखी हुई पत्तीया बीज सहित होना पाया गया।

अभियुक्त मुकेशकुमार द्वारा अपने कब्जे में अवैध मादक पदार्थ 14 किलो 730 ग्राम गांजा को जब्त कर अभियुक्त मुकेशकुमार के विरूद्व प्रकरण पंजिबद्ध किया एवं अभियुक्त से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के संबंध में अनुसंधान जारी है।

कार्यों की समीक्षा की

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिला कलेक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं प्रोजेक्ट के अधिकारियों से जिले में संचालित जल जीवन मिशन कार्यों, समर कंटीन्जेंसी प्लान के तहत किए ट्यूबवेल निर्माण कार्यों तथा आमजन के लिए पेयजल आपूर्ति के लिए जल परिवहन कार्यों की वर्तमान प्रगति के बारे में जानकारी लेकर क्षेत्र में सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शहीद स्मारक की प्रतिमाओं पर रंग पोतने का विरोध

जालोर में शहीद स्मारक पर लाल मिट्टी पोतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सनातन धर्म सेवा एवं संवर्धन संस्थान ने ज्ञापन दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। सनातन धर्म सेवा एवं संवर्धन संस्थान जालोर ने सोमवार को शहीद स्मारक की प्रतिमाओं पर रंग पोतने और स्वतंत्रता सेनानियों के अपमान करने वालो के खिलाफ मामला दर्ज करने को लेकर एएसपी मोटाराम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि 31 मई को देर रात्रि में किसी समाज कंटक गिरोह ने जालोर शहर के रेल्वे स्टेशन के निकट स्थित शहीद स्मारक में लगी प्रतिमाओं के चेहरों पर लाल मिटटी पोतकर शर्मनाक एवं देशद्रोह की हरकत की है तथा जालोर में साम्प्रदयिक माहौल बिगाडने के लिए उक्त कृत्य करने वाले आपराधिक प्रवृत्त के लोगों का तत्काल पता लगाकर उनके विरुद्ध तत्काल सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये । ये प्रतिमाऐ देश के लिए आन-बान-शान की जीवन्त प्रमाण है और देश की आत्मा है। इस प्रतिमाओं के अपमान का अपराध अक्षमय, देशद्रोह और देश की आत्मा पर भयंकर चोट पहुंचाने का कृत्य है। इससे आमजन को गहरी ठोस पहुंची है। ज्ञापन में शहीद स्मारक स्थल के आस-पास के कैमरों के साथ चोराहे पर लगे अभय कमाण्ड के कैमरों से अपराधियों का पता लगाकर उन पर देशद्रोह जैसी कानूनी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दण्डित किया जाये। इस दौरान बंशीलाल सोनी, दिनेश बारोट, सुनील शर्मा सहित काफी संख्या में संस्थान के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लेखक शिविर में जोधपुर के सात जनों का सम्मान

जोधपुर, (कासं)। पूर्वोत्तर हिन्दी अकादमी शिलांग द्वारा आयोजित 19 वें लेखक मिलन का तीन दिवसीय शिविर शिलांग, मेघालय में आयोजित हुआ। इसमें देश के विभिन्न प्रांतों से कुल 111 साहित्यकारों ने भाग लिया।

शिविर में हिन्दी साहित्य समेत विभिन्न लेखन कार्य एवं अध्ययन पर अनेक सत्र आयोजित हुए।

लेखकों, कवियों तथा हिन्दी प्रेमियों को अलग अलग सम्मानों से सम्मानित किया, जिसमें शिखर सम्मान, डॉ. महाराज कृष्ण जैन स्मृति सम्मान, जीवनराम मूंगी देवी गोयनका सम्मान, केशरदेव गिनिया देवी बजाज स्मृति सम्मान, महावीर प्रसाद टिबड़ेवाला स्मृति सम्मान, हिन्दी साहित्य शिरोमणि सम्मान के साथ प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

लेखन प्रति. हुई

जोधपुर, (कासं)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जोधपुर के सभागार कक्ष में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत रेल कर्मियों के जागरूकता अभियान के साथ की गई, जिसमें पर्यावरणीय मुद्दों को समझाने और उनके समाधान की दिशा में व्यक्तिगत व सामूहिक प्रयासों की महत्ता पर प्रकाश डाला गया।